लोन के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म शुरू

सूक्ष्म, लघु एवं मद्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग के मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह तथा औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने बुधवार को ओडीओपी के तहत लोन लेने के इच्छुक लोगों के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का शुभारंभ किया। इस ऑनलाइन प्लेटफार्म का नाम पीएसबी-59 पर आवेदन के बाद कुछ ही मिनट के अंदर लोन देने पर बैंक के स्तर से फैसला हो जाएगा। इस ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ओडीओपी योजना के तहत लोन देने के लिए एक पोर्टल है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से ओडीओपी के कारीगर व इकाइयां घर बैठे ही आवेदन करेंगे और 59 मिनट के अंदर लोन स्वीकृत होगा। इस पोर्टल की परिकल्पना एमएसएमी व निर्यात प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल की थी। उन्होंने इसके लिए बैंक ऑफ बड़ौदा से बात की और यह प्लेटफार्म तैयार हुआ। करार के तहत बैंक आफ बड़ौदा ओडीओपी सेल के साथ मिलकर एक वेंचर कैपिटल फंड बनाएगा। यहां से ओडीओपी स्टार्टअप और नई इकाइयों की फंडिंग होगी।

Hindustan - 28.05.2020